# जींद जिला

## 1. जींद जिला एक नज़र में

| | |
|---|---|
| **जिले की स्थापना** | 1 नवम्बर 1966 |
| **शहर की स्थापना** | पांडवों द्वारा जयंती देवी का मंदिर बनवाकर की गई |
| **प्राचीन नाम** | जयंती नगरी |
| **क्षेत्रफल** | 2702 वर्ग किमी |
| **उपनाम** | हरियाणा का हृदय, दूध नगरी, हरियाणा की राजनैतिक राजधानी |
| **विधानसभा क्षेत्र** | जींद, नरवाना, जुलाना, उचाना, सफीदों |
| **तहसील** | जींद, जुलाना, उचाना, सफीदों, नरवाना, अलेवा |
| **उपतहसील** | पिल्लूखेड़ा |

**ध्यान दें:** जींद जिले की सीमा सबसे अधिक 8 अन्य जिलों (हांसी सहित) से लगती है, जिसमें पंजाब का संगरूर जिला भी शामिल है — यह तथ्य परीक्षा में अक्सर पूछा जाता है।

hrgk.in

## 2. ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल

### इतिहास

महाराजा **गजपत सिंह** ने जींद और सफीदों सहित क्षेत्र के एक बड़े हिस्से पर अधिकार किया तथा जींद को अपना मुख्यालय बनाया। उन्होंने यहाँ सन **1775** में एक बड़ा किला बनवाया। सन **1772** में सम्राट शाह आलम ने गजपत सिंह को 'राजा' की उपाधि प्रदान की। राजा गजपत सिंह का निधन **1786** में हुआ, जिसके बाद उनके पुत्र भाग सिंह ने कठिन समय में भी सफलता हासिल की।

सन **1966** में पंजाब के पुनर्गठन के दौरान संगरूर जिले का विभाजन हुआ और जींद व नरवाना तहसीलों को हरियाणा में शामिल किया गया। जींद तहसील को **1967** में जींद व सफीदों — दो तहसीलों में विभाजित किया गया। सफीदों को महाभारत काल में **'सर्पदमन'** के नाम से जाना जाता था; किंवदंती है कि राजा जनमेजय ने अपने पिता परीक्षित की सर्पदंश से हुई मृत्यु का बदला लेने के लिए यहाँ सर्पदमन यज्ञ किया था।

# 3. जिले की अन्य महत्वपूर्ण बातें

## ऐतिहासिक समयरेखा

- **1763** गजपत सिंह ने जींद रियासत की स्थापना की।
- **1772** सम्राट शाह आलम ने गजपत सिंह को 'राजा' की उपाधि दी।
- **1775** गजपत सिंह ने जींद में एक बड़ा किला बनवाया।
- **1786** राजा गजपत सिंह का निधन हुआ।
- **1814** जींद के विद्रोह का नेतृत्व प्रताप सिंह ने किया।
- **1966** पंजाब पुनर्गठन के दौरान जींद जिले की स्थापना हुई (1 नवम्बर)।
- **1967** जींद तहसील का विभाजन कर सफीदों तहसील बनाई गई।
- **28 जुलाई 2007** जयंती पुरातत्व संग्रहालय की स्थापना हुई; इसी वर्ष बीरबारा संरक्षित वन्यजीव क्षेत्र भी बना।
- **2014** रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (CRSU) की स्थापना हुई।

hrgk.in

## धार्मिक स्थल

- **हजरत गाबी साहिब की दरगाह** – नरवाना में स्थित।
- **भूतेश्वर मंदिर** – जींद में स्थित।
- **धमतान साहिब गुरुद्वारा** – गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित।
- **सिंहपुरा साहिब गुरुद्वारा** – सिंहपुरा (जींद); गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित।
- **मंजी साहिब गुरुद्वारा** – गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित।

## तीर्थ स्थल

- **अश्विनी कुमार तीर्थ** – आसन गांव (जींद) में स्थित।
- **वराह तीर्थ** – जींद में स्थित।
- **यक्षिणी तीर्थ** – जींद में स्थित।
- **पुष्कर तीर्थ** – जींद में स्थित।
- **हटकेश्वर तीर्थ** – जींद में स्थित।
- **जामनी तीर्थ** – जामनी गांव (जींद) में स्थित।
- **पाण्डू-पिंडारा तीर्थ** – जींद में स्थित।

- **ईक्कस तीर्थ** – जींद में स्थित।

## मेले

- **बिलसर का मेला** – जींद में लगता है।
- **सच्चा सौदा मेला** – जींद में लगता है।
- **रामराय हद का मेला** – रामराय (जींद) में लगता है।
- **नागक्षेत्र धार्मिक मेला** – सफीदों (जींद) में लगता है।
- **मल्लिनाथ पशु मेला** – जींद में लगता है।

## ऐतिहासिक स्थल एवं घटनाएं

- **प्राचीन टीला करसोली** – जींद में स्थित।
- **जयंती पुरातत्व संग्रहालय** – जींद; स्थापना 28 जुलाई 2007।
- **जींद का विद्रोह (1814)** – नेतृत्व प्रताप सिंह ने किया था।

hrgk.in

## प्राकृतिक स्थल एवं वन्यजीव

- **बुलबुल झील** – जींद में स्थित।
- **रानी तालाब** – जींद में स्थित।
- **हरियाल** – नरवाना में स्थित।
- **बीरबारा संरक्षित वन्यजीव क्षेत्र** – जींद; स्थापना 2007।

## खेल स्थल

- **अर्जुन स्टेडियम** – जींद में स्थित।
- **एकलव्य स्टेडियम** – जींद में स्थित।

## शिक्षण संस्थान

- **जवाहर नवोदय विद्यालय** – खुगां कोठी (जींद) में स्थित।
- **रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (CRSU)** – स्थापना 2014।

## जींद के प्रथम / रिकॉर्ड

- **सबसे कम झाड़ियों वाला जिला** – जींद।

- **सबसे कम पक्की सड़क वाला जिला** – जींद।
- **प्रदेश का प्रथम ग्राम सचिवालय** – हैबतपुर गांव (जींद)।

## 4. महान व्यक्तित्व

| नाम | परिचय / योगदान |
|---|---|
| **कविता दलाल** | मालवी गांव; भारत की पहली WWE महिला रेसलर; ग्रेट खली द्वारा 'हार्ड लेडी' नाम दिया गया। |
| **अंशु मलिक** | कुश्ती खिलाड़ी; निडाणी गांव। |
| **मंजीत चहल** | एथलीट (धावक); उचाणा गांव; एशियन गेम्स 2018 में 800 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीता। |
| **यजुवेंद्र चहल** | हरियाणा के एकमात्र खिलाड़ी जिन्होंने 2 खेलों (शतरंज व क्रिकेट) में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया। |
| **सुनील जागलान** | बीबीपुर गांव; 'सेल्फी विद डॉटर' अभियान की शुरुआत की। |
| **पंडित अमीलाल** | महात्मा गांधी के सेवक। |
| **राजेन्द्र गोयल** | क्रिकेट खिलाड़ी; नरवाना। |
| **सीताराम पांचाल** | अभिनेता; नरवाना। |
| **सुमन कुण्डू** | रेसलर; कालवा गांव; कॉमनवेल्थ गेम्स 2010 में कांस्य पदक जीता। |
| **बीरेंद्र सिंह** | डुमरखा गांव; प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ; 'बागड़ के शेर' के नाम से प्रसिद्ध। |
| **महाबीर गुड्डू** | गायक; हरियाणा में 'बम लहरी' भी कहा जाता है; 2024 में पद्मश्री से सम्मानित। |
| **ओम प्रकाश** | बास्केटबॉल खिलाड़ी। |
| **गजपत सिंह** | जींद रियासत के संस्थापक (1763)। |

hrgk.in